Established in 1901 CIN L33119UR1981PLC006092

# DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED

BHAGWANT KUTI KANKHAL-249408, HARIDWAR (UTTARAKHAND) INDIA

Manufacturers of Ayurvedic and Herbal Product

Phone: (01334) 243833, 245877, 242333 Tele Fax: (01334) 245866

E-mail: dral95@yahoo.com, dral96@yahoo.in website: www.deshrakshak.in

To,

**Date:** 15.11.2024

**Corporate Compliance Department**
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai- 400001

**BSE Scrip Code: 531521**

**SUB- Submission of Newspaper Publication for Unaudited Financial Results for the Quarter & half year Ended on September 30, 2024 pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015:**

Respected Sir,

Please find attached herewith Newspaper Publication of Unaudited Financial Results of the company M/s. Desh Rakshak Aushdhalaya Limited for the quarter & half year ended on 30th September, 2024 as per Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 published in newspapers viz. The Hawk, Haridwar (in English) and Badri Vishal (in Hindi) on November 15, 2024 regarding extract of the Unaudited Financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2024

You are requested to take on the record and do the needful.

Thanking You
Yours Faithfully
**For Desh Rakshak Aushdhalaya Limited**

Sohini

Sohini Bansal Digitally signed by Sohini Bansal Date: 2024.11.15 13:55:40 +05'30'

**Sohini Bansal**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**ICSI Membership No. 64620**

**Date:** 15.11.2024
**Place:** Haridwar

# मुख्यमंत्री धामी ने 72वॉ राजकीय गौचर मेले का किया शुभारंभ

## चमोली में 4.93 करोड़ लागत से नवनिर्मित उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का किया लोकार्पण



**गोपेश्वर ( बद्री विशाल )।** चमोली जिले के ऐतिहासिक गौचर में 72वॉ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गौचर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चमोली में 4.93 करोड़ की लागत से नवनिर्मित उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने पोखरी में रानौ-सिमखोली मोटर मार्ग, काफलपानी से भरतपुर तक मोटर मार्ग विस्तारीकरण, जिलासू-सरणा मोटर मार्ग निर्माण, चमोली प्रेस क्लब को कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति, आगामी नंदादेवी राजजात यात्रा के लिए ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए माह दिसम्बर में उच्च स्तरीय बैठक कराने और पोखरी में पालिटेक्निक भवन निर्माण कार्य पूरा कराने की घोषणा भी की।

गौचर मेले में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गौचर मेला संस्कृति, बाजार तथा उद्योग तीनों के समन्वय के कारण एक प्रसिद्ध राजकीय मेला है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक गौचर मेले के शुभारंभ पर सबको बधाई देते हुए कहा कि सात दशकों से अधिक समय से इस मेले का आयोजन हमारे राज्य और सब क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। गौचर मेला हमारे राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक मेलों में से एक है, जिसमें सरकार की विभिन्न विभाग सक्रिय होकर प्रतिभाग करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले हमारे जीवन में बहुत विशेष स्थान रखते हैं। मेलों के माध्यम से समृद्ध परंपराएं को संजोने में सहायता मिलती है। साथ ही मेले, मनोरंजन और सामाजिक मेल मिलाप मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गौचर का मेला अन्य मेलों और विशेष है। यह मेला हमारी संस्कृति को संजोने एंव व्यापारिक गतिविधियों को भी एक बड़ा मंच प्रदान करता आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर भारत में सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है, वहीं वोकल फार लोकल, मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया जैसे पहलुओं के माध्यम से हमारे स्थानीय उद्योगों और स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। इस दिशा में हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत भी की है। जिसमें स्थानीय उत्पादों को राज्य में ही नहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पहचान मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि पहाड़ों से हो रहे पलायनों को रोका जाए तथा गांव में पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान किया जाए। राज्य सरकार के प्रयासों से फिल्म शूटिंग के लिए भी उत्तराखंड एक बहुत ही पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उत्तराखंड ने एक बड़ी पहचान स्थापित की है। सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए वैलनेस, आईटी और सौर ऊर्जा जैसे विशेष सेक्टर पर भी ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में गोचर में हेली सेवा की शुरुआत की गई है। जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन अर्थव्यवस्था को एक नई मजबूती मिलेगी। आपदा के समय में भी इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के मूल मंत्र के साथ निरंतर काम कर रही है। सीएम ने कहा कि आपका मुख्य सेवक आपको विश्वास दिलाता है कि जब तक उत्तराखंड देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य नहीं बन जाएगा, हम चेन से नही बैठेंगे। मुख्यमंत्री ने मेले को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए जिला प्रशासन की सराहना भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने पर वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट को पं. गोविन्द प्रसाद नौटियाल स्मृति सम्मान और श्री गुरू राम राय एजुकेशन मिशन देहरादून को शिक्षा और साहित्य प्रसार के लिए पंडित महेशानन्द नौटियाल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया।

गौचर मेले में पहले दिन ईष्ट रावल देवता की पूजा के बाद प्रातः स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। मेलाध्यक्ष द्वारा झंडा रोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली गई। खेल मैदान में बालक एवं बालिकाओं की प्रतियोगात्मक दौड़, नेहरू चित्रकला प्रतियोगिता, शिशु प्रदर्शनी और शिक्षण संस्थाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। गौचर मेले में पारंपरिक पहाड़ी संस्कृति से सजा पंडाल मेलार्थियों के बीच खास आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और कैबनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों सराहना करते हुए कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य का विकास तेजी से आगे बढ रहा है। क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल ने गौचर मेले का शुभारंभ करने पर मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। विधायक ने कर्णप्रयाग विधानसभा सभा क्षेत्र में बेस चिकित्सालय की स्वीकृति, गौचर पेयजल योजना के लिए 35 करोड़ की स्वीकृति, मिनी स्टेडियम निर्माण, गौचर चिकित्सालय का उच्चीकरण, प. दीनदयाल उपाध्याय पार्क का सौन्दर्यीकरण सहित अनेक विकास कार्यो के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कर्णप्रयाग में स्थित उमा देवी मंदिर में आस्था पथ निर्माण सहित कई विकास कार्यो के लिए अपना मांग पत्र भी दिया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र भंडारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, राज्यमंत्री रमेश गडिया, ब्लाक प्रमुख चन्द्रेश्वरी रावत, आईजी गढवाल केएस नगन्याल, जिलाधिकारी/मेलाध्यक्ष संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, मेलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

# पेयजल सचिव ने किया कांडा मैखुरा पंपिंग योजना का निरीक्षण



**गोपेश्वर ( बद्री विशाल )।** उत्तराखंड के पेयजल सचिव शैलेश बगोली ने गुरूववार को चमोली जिले के विकासखण्ड कर्णप्रयाग की काण्डा मैखुरा पम्पिंग योजना एवं उमट्टा पेयजल योजना का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया। काण्डा मैखुरा पेयजल योजना का इन्टेक वैल एवं ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए योजना की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदार को दो माह में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उमट्टा पेयजल योजना के निरीक्षण के उपरान्त ग्रामीणों की ओर से पेयजल योजना के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारू बतायी गयी।

पेयजल सचिव ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एएनएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर अध्यापकों को कक्षा 10 के विद्यार्थियों की आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही स्कूल एवं एएनएम सेंटर में क्षतिग्रस्त पेयजल कनेक्शन को एक सप्ताह के अन्दर सुचारू से करने करने के निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने कालेश्वर स्थित हार्क केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र में विभिन्न उत्पादों का उत्पादन/बिक्री की जा रही है। इससे पूर्व उन्होंने विकासखण्ड गैरसैंण की सारेग्वाड पेयजल योजना एवं भैंसवाडासैंण पेयजल योजना का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया। ग्रामीणों द्वारा सभी घरों में कनेक्शन एवं पेयजल सुचारू बताया गया। सचिव ने ग्राम समिति से एक फिटर नियुक्त कर योजना को हस्तांतरित और रखरखाव करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पेयजल निगम के मुख्य अभियन्ता (गढ़वाल), अधीक्षण अभिन्ता, निर्माण मण्डल, गोपेश्वर, एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में हुई कहासुनी ने बनाया आरोपित, पुलिस ने हत्या के आरोप किया गिरफ्तार

**गोपेश्वर ( बद्री विशाल )।** चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के पोगठा में चौरी गदेरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवक के शव के बाद पुलिस ने मामले में तत्परा दिखाते हुए हत्या के आरोपित को गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि हत्या शराब के नशे में कहा सुनी होने के बाद घटना कारित हुई। गौरतलब है कि पोगठा गांव के जसपाल लाल का पुत्र उत्तम कुमार 11 नवम्बर की रात्रि में खाना खाने अपने चाचा के घर गया था लेकिन उसके बाद लौटा नहीं। दूसरे दिन 12 नवम्बर को उत्तम कुमार का शव पोगठा के चौरी गदेरे में संदिग्ध अवस्था में मिला जिसके बाद जसपाल लाल की लिखित रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ थाना पोखरी में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी चमोली ने इसकी विवेचना उप निरीक्षक विनोद चौरसिया को सौंपी। तथा पुलिस अधिकारियों को कड़े दिशानिर्देश देते हुये हत्या के अनावरण और अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। थानाध्यक्ष पोखरी के नेतृत्व में पुलिस और एसओजी की टीम की ओर से प्रकरण में गहन और टेक्नीकल टीम के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ और साक्ष्य एकत्र कर 48 घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा किया गया। हत्या की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त हिमांशु कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपित की ओर से बताया गया कि मृतक उत्तम कुमार रिश्ते में मेरा भाई लगता है और साथ ही दोनों खच्चर चलाने का कार्य करते थे। 11 नवम्बर की सांय को हमने मित्रों के साथ मिलकर शराब पी थी। घर जाते समय किसी बात को लेकर उत्तम के साथ बहस हो गयी जिसमें वो मुझे गालियां देने लगा। जिसके बाद हम दोनों के बीच हाथापाई शुरु हो गयी और गुस्से में आकर मैंने उसे धक्का देकर गिरा दिया और छाती पर बड़ा पत्थर रख दिया जिससे उठ न पाये और स्वयं वहां से अपने घर को चल दिया। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस की ओर से घटना के दिन मृतक की ओर से पहने कपडे और मारने के लिए प्रयोग किए पत्थर बरामद किए गए। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पोखरी विनोद चौरसिया, उप निरीक्षक प्रशांत बिष्ट, अपर उप निरीक्षक दलबीर सिंह, सिपाही बलवीर सिंह, ललित मोहन, विनोद कुमार आदि शामिल थे।

# श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद की प्रक्रिया दूसरा दिवस, श्री आदि केदारेश्वर तथा आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट हुए बंद

## 17 नवंबर को बंद होंगे श्री बदरीनाथ धाम के कपाट




**गोपेश्वर ( बद्री विशाल )।** श्री बदरीनाथ धाम के कपाट के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के दूसरे दिन गुरूवार को श्री आदि केदारेश्वर मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट विधि-विधानपूर्वक बंद हो गये है जबकि 17 नवम्बर को भगवान बदरीविशाल मंदिर के कपाट बंद होंगे। गुरूवार को भगवान बदरीविशाल की भोग आरती के पश्चात श्री आदि केदारेश्वर मंदिर में रावल अमरनाथ नंबूदरी ने आदि केदारेश्वर जी को पके चावलों का भोग अन्नकूट चढ़ाया तथा आदि केदारेश्वर शिवलिंग को पके चावलों के भात से ढ़का गया। इस अवसर पर रावल जी के साथ ही धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल वेदपाठी रविंद्र भट्ट, अमित बंदोलिया ने पूजा-अर्चना संपन्न की।

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार तथा बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल विशेष रूप से आदि केदारेश्वर कपाट बंद के अवसर पर पूजा-अर्चना में शामिल रहे। पूजा-अर्चना पश्चात आदिकेश्वर शिव लिंग को निर्वाण रूप में लाकर पुष्प, भस्म आदि से ढका गया। केदारेश्वर मंदिर के पुजारी किशोर भट्ट तथा यमुना प्रसाद डंगवाल ने अपराह्न दो बजे श्री आदि केदारेश्वर मंदिर के बंद किये। इसके बाद सवा दो बजे अपराह्न आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के भी कपाट बंद किये गये। पंच पूजा के दूसरे दिन आदि केदारेश्वर तथा आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद हुए बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़ ने बताया कि पंच पूजा के तीसरे दिन शुक्रवार 15 नवम्बर को वेद पुस्तकों की पूजा-अर्चना, खडग-पुस्तक पूजा तथा वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो जायेगा। पंच पूजा के दूसरे दिन श्री आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, मीडिया प्रभारी डा हरीश गौड आदि मौजूद रहे।

# प्रतीक्षारत वन आरक्षी पदों के अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर शासन की मंजूरी का इंतजार

## कैबिनेट में मामले को लाने की हो रही तैयारी

देहरादून। उत्तराखंड वन विभाग में वन आरक्षी पद पर प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों का मामला शासन की आपत्तियों के कारण लटक गया है। हालांकि मुख्यालय ने शासन को प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर अनुमोदन मांगा था। लेकिन शासन ने कुछ बिंदुओं पर जानकारी मांगी है, जिससे अब मुख्यालय स्तर पर इन युवाओं को तैनाती मिलना मुश्किल दिख रहा है। ऐसे में युवाओं की नियुक्ति के लिए कैबिनेट स्तर पर ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।

उत्तराखंड शासन में वन आरक्षी पद पर वेटिंग लिस्ट का मामला पत्राचार के कारण फिलहाल लटक गया है। वन विभाग में करीब 160 प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों की तैनाती से जुड़ा यह मामला है, जिस पर काफी लंबे समय से कोई निर्णय नहीं हो पाया है। ऐसा इसलिए क्योंकि वन मुख्यालय ने सूची में मौजूद अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुमति शासन से मांगी थी। लेकिन शासन ने कुछ आपत्तियों के साथ विभाग से वापस जानकारियां मांग ली। इसके बाद उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से भी संबंधित जानकारियां मांगी जा रही हैं।

खास बात यह है कि अब यह पूरा मामला कागजी पेचीदगियों में फंस गया है। इस कारण अब वन मुख्यालय के स्तर पर इन्हें नियुक्ति देना फिलहाल मुमकिन नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में प्रतीक्षा सूची के इन अभ्यर्थियों को कैबिनेट के माध्यम से ही नियुक्ति दी जा सकती है। इसी को लेकर वन मुख्यालय पर 5 दिनों तक प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों ने धरना भी दिया था और वन मुख्यालय से नियुक्ति देने की मांग की थी। इसके बाद वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शासन के अधिकारियों और वन मुख्यालय के अफसर के साथ मिलकर बैठक की थी जिसमें युवाओं को आश्वासन देने के बाद धरना खत्म करवाया गया था। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रतीक्षारत सूची के इन अभ्यर्थियों को वन विभाग में वन आरक्षी पद पर तैनाती देने का भरोसा दिलाया है। इसके लिए कैबिनेट में उनके मामले को प्रस्ताव के रूप में लाने की भी तैयारी की जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि शासन स्तर पर यदि इस मामले में गंभीरता दिखाई गई, तो जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार किया जा सकता है। इसे आगामी कैबिनेट बैठक में लाकर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को तैनाती दिलवाने का रास्ता खोला जाएगा।


**सम्मन**

न्यायालय चतुर्थ अपर जिला जज हरिद्वार

सिविल अपील सं0- 42 सन् 2021

सुखबीर पुत्र स्वश छोटेलाल निवासी ग्राम आन्नेकी हेतमपुर परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार ...अपीलार्थी

**बनाम**

सुरेन्द्र पुत्र लक्ष्मीचंद निवासी मौ0 चाकलान कस्बा व परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार ........प्रतिवादी

हरगाह वादीगण ने अपने एक नालिश बाबत बैनामा मंसूखी के दायर किया है लिहाजा आप प्रतिवादी को हुक्म होता है कि आप बतारीख 22.11. 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वादी तारीख जो आपके इजहारो के लिए मुर्करर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहा का जिनको शाहदत पर नीज तमाम दस्तावेज को जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते ह पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकुर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मसहूम और फ़ैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 07 माह 11 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

**प्रबन्धक, न्यायालय चतुर्थ अपर जिला जज हरिद्वार**


# छह महीने पहले हुई थी शादी अल्मोड़ा में फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी

**अल्मोड़ा।** ताड़ीखेत ब्लॉक के खुशालकोट गांव में एक नवविवाहित जोड़े का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत गई। जब परिजनों ने यह दृश्य देखा तो उनकी स्थिति समझ से बाहर हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची राजस्व पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है ताकि मौत की असली वजह का पता लगाया जा सके। मृतक कमल सिंह नेगी बेंगलुरु में प्राइवेट नौकरी करता था और दिवाली की छुट्टी पर घर आया हुआ था। घटना के समय घर में केवल दोनों पति-पत्नी ही मौजूद थे, और उनकी मां भी उस वक्त घर पर नहीं थीं। पति-पत्नी के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ था, जो इस दुखद घटना की वजह बन सकता है। छह महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी। ताड़ीखेत ब्लॉक के खुशालकोट गांव में जब देवकी देवी ने कमरे का दरवाजा बंद पाया और अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने दरवाजा तोड़कर देखा। उनका बेटा कमल सिंह नेगी उम्र 31 वर्ष और बहू सरिता नेगी उम्र 24 वर्ष फंदे पर लटके मिले।


**30/09/2024 को समाप्त तिमाही/आधा वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का विवरण**

**DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED**

**CIN: L33119UR1981PLC006092**

**R/o: Bhagwant Kuti Kankhal, Haridwar, UR 249408**

**Email Id: dral96@yahoo.in; Website: www.deshrakshak.in**

| Sr. No. | Particulars | Quarterly Ended | | | Year to date (6 months Ended) | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Standalone (Rs. In Lakhs) | | | Standalone (Rs. In Lakhs) | | Standalone (Rs. In Lakhs) |
| | | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 30.09.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 118.86 | 108.24 | 83.51 | 227.10 | 194.15 | 600.69 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items) | 14.56 | 9.33 | 9.04 | 23.79 | 13.12 | 50.66 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 14.56 | 9.33 | 9.04 | 23.79 | 13.12 | 50.66 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 14.56 | 9.33 | 9.04 | 23.79 | 13.12 | 42.76 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 14.56 | 9.33 | 9.04 | 23.79 | 13.12 | 42.76 |
| 6 | Paid Up Equity Share Capital (Face Value of Rs.10/-. Each) (Previous Year. 10/- Each) | 443.83 | 443.83 | 443.83 | 443.83 | 443.83 | 443.83 |
| 7 | Reserves Excluding Revaluation Reserves as Per Balance Sheet of Previous Accounting Year | - | - | - | - | - | 441.55 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic: 2. Diluted: | 0.33<br>0.33 | 0.21<br>0.21 | 0.20<br>0.20 | 0.54<br>0.54 | 0.29<br>0.29 | 0.96<br>0.96 |

नोट:उपरोक्त विवरण सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में प्रस्तुत किये गए तिमाही/वार्षिक के वित्तीय परिणामों का विस्तृत रूप है। यह विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.deshrakshak.in) पर उबलब्ध है।

वास्ते देश रक्षक औषधालय लिमिटेड

स्थान: हरिद्वार

दिनांक:: 14.11.2024

Sd/-

तोष कुमार जैन

(अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)

(DIN: 01540363)


# इलाज में लापरवाही के बरतने पर किशोरी की मौत,जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**लक्सर ( बद्री विशाल )।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव बहालपुरी में 13 वर्षीय एक किशोरी की तेज बुखार में उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले में गांव के ही एक डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले में कथित डॉक्टर के विरुद्ध जिलाधिकारी हरिद्वार को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

रायसी चौकी क्षेत्र के गांव बहालपुरी निवासी नाथीराम ने जिलाधिकारी हरिद्वार को पत्र लिखकर बताया कि 8 नवंबर को उसकी 13 वर्षीय पुत्री सुधा को सामान्य बुखार हो गया था। उसने गांव के ही एक कथित डॉक्टर को अपनी बेटी के उपचार के लिए घर पर बुलाया था। इस दौरान डॉक्टर ने दवाई देकर बेटी को एक इंजेक्शन लगा दिया। लेकिन इस उपचार से रात में ही बेटी की तबीयत अचानक खराब हो गई। इस दौरान नाथी राम पुत्री को लक्सर सीएससी में उपचार के लिए ले गया। लेकिन तबीयत खराब देखते हुए सीएससी डॉक्टर ने भी उसे जिला अस्पताल में ले जाने की बात कही। जिला अस्पताल में पहुंचने के बाद भी वहां के डॉक्टर ने उसे एम्स के लिए रेफर कर दिया। लेकिन एम्स पहुँचने से पहले रास्ते में ही उसकी बेटी ने दम तोड दिया। इससे क्षुब्ध हो कर लड़की के पिता ने गांव के कथित डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी हरिद्वार को लिखित शिकायत देकर कथित डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में बुखार डेंगू मलेरिया टाइफाइड आदि बीमारियों ने दस्तक दे रखी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग सोया हुआ है। सीएचसी केंद्रों पर प्रॉपर इलाज में मिलने पर मैरिज इधर-उधर भटक रहे हैं और कथित डॉक्टर के चूंगल में फंसकर अपनी जान गवा रहे है।